**65** स्ववित्तपोषित इंजीनियरिंग कालेजों में 16 पाठ्यक्रमों की 14,387 सीटें हैं। कालेज यूटीयू से संबद्ध हैं

**03** वर्ष के अंतराल में किसी भी दशा में निजी स्कूल अधिकतम 10 प्रतिशत से अधिक शुल्क नहीं बढ़ाएंगे




राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राजभवन में प्रवेशोत्सव-2025 कार्यक्रम में विद्यालयों में नए प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत किया • साभार सूवि

# स्कूल डैश-बोर्ड पर मिलेगा 16 हजार से विद्यालयों का ब्योरा

- राज्यपाल ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में डैश-बोर्ड का लोकार्पण किया
- कहा, प्रदेश ने तकनीकी क्रांति की ओर कदम बढ़ाए हैं

राज्य ब्यूरो, जागरण • देहरादून : प्रदेश में 13 जिलों में 16,055 राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों एवं शिक्षकों की संख्या के साथ अवस्थापना सुविधाओं की अपडेट जानकारी आसानी से उपलब्ध रहेगी।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय ने इस संबंध में स्कूल डैश-बोर्ड तैयार किया है। राजभवन में शुक्रवार को विद्यालयी शिक्षा विभाग के प्रवेशोत्सव-2025 कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने स्कूल डैश-बोर्ड का लोकार्पण किया। राज्यपाल के निर्देश पर तकनीकी विश्वविद्यालय ने यह डैशबोर्ड बनाया है। इसमें प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक समस्त राजकीय विद्यालयों के बारे में विवरण अपलोड किया गया है। इसमें विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों के साथ डैशबोर्ड के एडमिन को अपने लाग-इन के माध्यम से सूचनाओं की उपलब्धता और उन्हें देखने की सुविधा दी गई है। इसे संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य आवश्यकता के अनुसार संशोधित कर सकेंगे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी नवाचार से शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ेगी। विवि के योगदान को सराहते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश ने तकनीकी क्रांति की ओर कदम बढ़ाए हैं।

राज्यपाल ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने को शिक्षा विभाग के प्रवेश उत्सव की पहल की सराहना की। कहा कि यह पहल शिक्षा के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हर वर्ष शैक्षिक सत्र की शुरुआत में, नव-प्रवेशी बच्चों को विद्यालयों में लाकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया जाता है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।